कार्यालय, पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

Email : panjiyak8ppp@gmail.com Ph. : 0151-2226570

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/विविध/2019 दिनांकः 18.02.2020

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट),
समस्त

विषयः– प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2020 परीक्षा आयोजन एवं व्यवस्था के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2020 परीक्षा दिनांक 12.03.2020 से 23.03.2020 के मध्य आयोज्य है उक्त परीक्षा हेतु सम्पूर्ण राज्य में कुल 7747 परीक्षा केन्द्र एवं 481 संग्रहण केन्द्र/मूल्यांकन केन्द्र निर्धारित किये गये है। निर्देशानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे–

1. प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2020 परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाएं एवं ग्राफ पेपर आपूर्तिकर्त्ता द्वारा जिला स्तर पर डाईट मुख्यालय/निर्धारित गंतव्य स्थान पर पहुँचाए जावेंगें। उक्त परीक्षा सामग्री निर्धारित मापदण्ड से मिलान कर गिनती कर सुरक्षित रखवाई जावें।

2. परीक्षा सामग्री प्राप्ति के साथ ही ब्लॉक में निर्धारित संग्रहण केन्द्रों/परीक्षा केन्द्रों पर उनकी पहुँच सुनिश्चित करें।

3. परीक्षा सामग्री के जिला स्तर पर परिवहन हेतु वाहन के लिए व्यय राशि का प्रावधान लेखा शीर्ष 2202–80–003–04–01 (राज्य निधि) के मद–44 (परिवहन संग्रहण वितरण) में उपलब्ध बजट से किया जावें।

4. निर्देशानुसार संग्रहण केन्द्रों पर सुचारू व्यवस्था हेतु बजट मद से 2000/–(दो हजार रूपये अक्षरे) प्रति संग्रहण केन्द्र को राशि व्यय का प्रावधान किया जाता है।

5. सम्पूर्ण परीक्षा सामग्री निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर तय समय सीमा में पहुँचाना सुनिश्चित कर इस कार्यालय को सूचना भिजवाना सुनिश्चित करें।

6. परीक्षा के दौरान चार उड़नदस्तों का गठन कर परीक्षा का समुचित निरीक्षण, परिवीक्षण, पर्यवेक्षण एवं आकस्मिक मुआयना कर परीक्षा की शुचिता, पवित्रता, गोपनीयता, विश्वसनीयता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करना।

(शिव प्रसाद)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ,
राजस्थान, बीकानेर